दैनिक जागरण 21/11/2022

# प्लेसमेंट सैल द्वारा कार्यशाला आयोजित



जीएमएन कालेज में कार्यक्रम के दौरान मौजूद विद्यार्थियों को संबोधित करते वक्ता। ● विज्ञप्ति।

**अंबाला** : गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज में प्राचार्य डा. वीके जैन की अध्यक्षता तथा डा. अनुपमा सिहाग के नेतृत्व में मनोविज्ञान विभाग व प्लेसमेंट सैल द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्राचार्य ने कहा कि कालेज द्वारा ऐसे अनेकों कार्यक्रम और कार्यशाला आयोजित की जाती है, जिससे अधिक से अधिक विद्यार्थी रोजगार प्राप्त कर सके। इस मौके पर तरुण कुमार अरोड़ा, अनुज, नरेंद्र कुमार ने विद्यार्थियों को इस क्षेत्र में रोजगार के अनेक अवसरों के संदर्भ में व्यापक रूप से परिचित कराया। इस मौके पर डा. राकेश कुमार, डा. रवनीत कौर, डा. सुरेंद्र कुमार, प्रो. अमनीश, प्रो. श्याम रेहजा मौजूद रहे। इसके अलावा कालेज में एनएसएस इकाइयों द्वारा भारतीय संविधान के संवैधानिक मूल्यों और बुनियादी सिद्धांतों पर कार्यक्रम हुआ। इस दौरान करनाल से एचआइआरडी नीलोखेडी के निदेशक डा. केके पूनिया मुख्य वक्ता रहे। इसी तरह कालेज में स्नातक के नए विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम हुआ। (जासं)